आकाशवाणी भोपाल
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 25.06.2024 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचारः–

- मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये कई महत्वपूर्ण फैसले, अब मंत्रिगण स्वयं वहन करेंगे अपना इनकम टैक्स।
- ओम बिरला होंगे एनडीए के लोकसभा अध्यक्ष पद के उम्मीद्वार, विपक्ष ने भी उतारा अपना उम्मीद्वार।
- प्रदेष में दस्तक सह–स्टॉप डायरिया अभियान की शुरूआत, घर–घर जाकर होगी बच्चों की जांच।
- प्रदेष में इन्दौर, झाबुआ सहित 6 जिलों में भारी बारिष का आरेंज अलर्ट जारी।

अब समाचार विस्तार सेः–

मंत्रिमंडल फैसले

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज भोपाल में मंत्रि–परिषद की बैठक हुई। इसमें राज्य के मंत्रीगण के इनकम टैक्स का स्वयं वहन करने और शासन से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ प्रदेश के किसी सैनिक जवान के शहीद होने पर दी जाने वाली सहायता राशि में से 50 प्रतिशत राशि शहीद की पत्नी को और 50 प्रतिशत राशि शहीद के माता–पिता को देने का निर्णय लिया गया है। बैठक में
विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी परीक्षण के लिए नवीन प्रयोगशालाओं के भवन और उपकरणों को युवा उद्यमियों तथा संस्थाओं को उपलब्ध कराये जाने को मंजूरी दी गई है। इसके द्वारा युवा उद्यमियों व संस्थाओं के माध्यम से किसानों के मृदा नमूनों का परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराये जाएंगे। वहीं सी.एस.आर. निधियों के उपयोग से वृक्षारोपण की नीति में संशोधन, अन्य राज्यों में संचालित सैनिक स्कूलों में अध्ययनरत मध्यप्रदेश के मूल निवासी छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति देने, रेल परियोजनाओं से संबंधित कार्य "परिवहन विभाग" से लेकर "लोक निर्माण विभाग" को सौंपे जाने और मध्यप्रदेश सुधारात्मक सेवायें एवं बंदीगृह विधेयक, 2024 को विधानसभा में पारित कराने का निर्णय लिया है। साथ ही भारतीय खेल प्राधिकरण, भोपाल को खेल गतिविधियों के संचालन के लिए ग्राम गौरा में लगभग एक एकड़ भूमि अतिरिक्त आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया।

**मुख्यमंत्री प्रतिक्रिया**

**आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए फैसलों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की प्रगतिकी दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया है।**

मुख्यमंत्री–दिल्ली यात्रा

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव आज दिल्ली प्रवास पर है। उन्होंने यहां केन्द्रीय कृषि और कल्याण मंत्री षिवराज सिंह चौहान के साथ कृषि भवन में एक बैठक में हिस्सा लिया। इसके अलावा डॉ. यादव ने गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और केन्द्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। इन नेताओं से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा की।

लोकसभा अध्यक्ष

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सांसद ओम बिरला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन– एनडीए के उम्मीदवार होंगे, जबकि विपक्ष इंडिया गठबंधन ने इस पद के लिए कांग्रेस के सांसद के.सुरेश को अपना उम्मीदवार बनाया है। दोनों उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए आज अपना नामांकन भरा। अध्यक्ष का चुनाव कल होगा।

इससे पहले, सरकार और विपक्ष इस पद के लिए आम सहमति तक पहुंचने में असफल रहे है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस के नेताओं के साथ बैठक की। विपक्ष के नेता श्री बिरला की उम्मीदवारी पर समर्थन देने से पहले उपाध्यक्ष के नाम की घोषणा करने पर जोर दे रहे थे। श्री गोयल ने कहा कि उन्हें सूचित कर दिया गया है कि उपाध्यक्ष का मुद्दा इसके चुनाव के समय निपटाया जाएगा।

इससे पहले, कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष, अध्यक्ष उम्मीदवार को अपना समर्थन देने के लिए तैयार है, लेकिन उपाध्यक्ष पद के लिए विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार होना चाहिए।

आपातकाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर कहा कि आपातकाल के कठिन काल में संवैधानिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अपने और अपने परिवार की चिंता किए बिना संघर्ष करने वाले लोकतंत्र सेनानियों की देश के प्रति प्रतिबद्धता को नमन है। उनकी जीवटता के बल पर ही लोकतंत्र को देश में पुनर्स्थापित किया जा सका। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंत्रालय में मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले मंत्रीगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार बनी सरकार देश में सुशासन स्थापित कर रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत का लोकतंत्र विश्व में गौरवान्वित हो रहा है।

उपमुख्मंत्री दस्तक

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल में आज राज्य स्तरीय "दस्तक सह स्टॉप डायरिया" अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य के विभिन्न पैरामीटर में प्रदेश को शीर्ष स्तर में ले जाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अमले को पूरे मनोयोग से कार्य करना होगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में 6 महीने में 30 हज़ार पदों पर भर्ती की जाएगी। प्रदेश के हर नागरिक, हर क्षेत्र तक गुणवत्तापूर्ण सेवाओं की पहुँच और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हम सतत प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि पीएम श्री एयर एम्बुलेंस सेवा से आपातकाल में दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएँ मुहैया कराने का प्रयास किया गया है। इस वर्ष अभियान 25 जून से 31 अगस्त तक संचालित किया जायेगा।

मौसम

मौसम विभाग ने बैतूल, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इन्दौर और रतलाम जिलों के लिए बारिष का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 43 जिलों में आंधी और गरज—चमक की चेतावनी के साथ यलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज—चमक की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में एक और सिस्टम एक्टिव हो रहा है। आने वाले दिनों में प्रदेश में तेज बारिश हो सकती है। आज मानसून झाबुआ, रतलाम, रीवा, मउगंज जिलों में प्रवेष कर गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जारी है। आज अभियान के तीसरे आखिरी दिन जिला सहित सभी विकासखंडों में 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई।
- जल गंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत आगरमालवा जिला कलेक्टर ने कल एक समीक्षा बैठक में प्रगतिरत सभी कार्य 30 जून तक पूर्ण करवाने और लक्ष्यानुसार पौधारोपण करवाने के निर्देष दिए।
- शिवपुरी कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों ने किसानों को खेती—किसानी को लेकर सलाह दी है कि बोवनी में जल्दबाजी न करें।
- बैतूल जिला कलेक्टर ने कल जनसुनवाई के दौरान 195 प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।
- कटनी नगर निगम द्वारा फायर सेफ्टी जागरूकता अभियान अंतर्गत उद्यमी सम्मेलन कार्यक्रम में सभी उद्योमियो को फायर एनओसी संबंधित विभिन्न प्रावधानों की जानकारी प्रदाय की गई ।
- अनूपपुर जिले में कल अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में विशेष जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- देवास जिले के युवाओं को निजी संस्थाओं में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन कल आई.टी.आई परिसर देवास में किया जायेगा।
- जबलपुर के शासकीय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस महाकोशल कालेज के विद्यार्थियों को हर रोज एक रुपये के खर्च पर घर से कॉलेज तक बस की सुविधा उपलब्ध होगी। माह में विद्यार्थी को 30 रुपये इस सुविधा के लिए देना होंगे। बस की सुविधा सत्र 2024—25 के लिए विद्यार्थियों को मिलेगी।

................................